# RAF SECTOR

## NEWS CLIP

22/07/19

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

**Aaj (Prayagraj,UP)**

# आरएएफ के ५० जवानों ने किया रक्तदान

रैपिड एक्शन फोर्स १०१ बटालियन के जवानों ने शनिवार को रक्तदान किया। इसमें ५० कार्मिकों व अधिकारियों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। इसमें महिलाएं भी शामिल रही। इस शिविर में वाहिनी के डॉ. कुन्दन कुमार सिंह, दीपक कुमार तिवारी, उप कमाण्डेंट एवं अन्य अधिकारी मौजूद रहे। डॉ कुंदन कुमार सिंह ने इस रक्तदान शिविर को प्रारंभ किया।

इसके बाद एक-एक करके सभी जवानों व अधिकारियों ने रक्तदान किया। तेज बहादुर सप्रू अस्पताल के डाक्टरों ने रक्त संग्रहण किया और उनके डाक्टरों ने सभी कार्मिकों को रक्तदान के लिए प्रोत्साहित किया तथा रक्तदान के फायदे बताये। कमांडेट ने बताया कि रक्त की कमी से होने वाली परेशानियो से बचाने के लिए १०१ रैपिड एक्शन फोर्स के ततवावधान में शांन्तिपुरम स्थित कैंप परिसर में तेज बहादुर सप्रू अस्पताल के संयुक्त प्रयास से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया था। आरएफ कर्मियों ने पूरे उत्साह के साथ रक्तदान करने का संकल्प लिया। इससे पहले भी कई बार आरएफ के जवानों ने रक्तदान शिविर का आयोजन कर महादान कर चुके हैं।

**Hindustan (Prayagraj,UP)**



रविवार को फाफामऊ क्षेत्र में सफाई करते आरएएफ के जवान। • हिन्दुस्तान

# आरएएफ के जवानों ने चलाया सफाई अभियान

फाफामऊ। स्वच्छ भारत मिशन के तहत ग्रामसभा गद्दोपुर और न्यू शांतिपुरम मोहल्ले में रविवार को आरएएफ के जवानों ने ग्रामीणों के साथ सफाई अभियान चलाया। 91 बटालियन आरएएफ लखनऊ के कमांडेंट विश्वनाथ प्रताप सिंह के नेतृत्व में जवानों ने सफाई की। अभियान में उप कमांडेंट एके सिंह, ग्राम प्रधान गद्दोपुर राममूर्ति प्रजापति, रोहित पाठक, एससी श्याम वर्मा, दयाशंकर यादव, आनंद पांडेय, मनोज मिश्रा, आदित्य कुमार, रामजी तिवारी, दिनेश कुमार मौर्य, उमेश सरोज सहित जवान व ग्रामीण मौजूद रहे।

**Dainik Navjyoti (Kishangarh,Raj.)**



किशनगढ़। कार्यक्रम में मौजूद अधिकारी, जवान एवं जनप्रतिनिधि। मधु वर्मा

# सामाजिक सरोकारों के साथ पहुंचा सीआरपीएफ दल

## स्वागत भारत अभियान के साथ निकली रैली

मदनगंज-किशनगढ़। स्वच्छता, जल संभरण, शांति एवं सामाजिक सद्भावना जैसे मुद्दों के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए निकला सीआरपीएफ दल की साइकिल यात्रा रविवार को किशनगढ़ पहुंची। द्रुत कार्य बल-केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल द्वारा आयोजित रैली के किशनगढ़ पहुंचने पर ग्रुप केन्द्र-1 के पुलिस उप महानिरीक्षक अनिल डोंडीयाल, ग्रुप केन्द्र-2 के पुलिस उप महानिरीक्षक पुखराज जयपाल, ग्रुप केन्द्र-1 के कमांडेंट भरतकुमार वैष्णव की मौजूदगी में सदस्यों को स्वागत किया गया। इस दौरान विधायक सुरेश टाक व पुलिस उपाधीक्षक गीता चौधरी ने स्वागत करते हुए यात्रा की सफलता की शुभकामनाएं दी। राष्ट्रपिता महात्मा गांधीजी की 150 वीं जयंती एवं सीआरपीएफ के 81 वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में उप कमांडेंट 100वीं वाहिनीं के मनोज कुमार के नेतृत्व में साइकिल रैली 13 दिनों में गुजरात, राजस्थान, हरियाणा तथा दिल्ली के विभिन्न गांव एवं शहरों से होते हुए 982 किलोमीटर का सफर तय कर 27 जुलाई को इंडिया गेट नई दिल्ली पहुंचेगी। रैली के कार्मिकों तथा द्रुत कार्य बल के अधिकारियों द्वारा किशनगढ़ क्षेत्र में स्वच्छता अभियान, पौधारोपण व तालाब का जीर्णोद्धार किया गया। समारोह में आयुक्त नगर परिषद विकास कुमावत, सीआई राजेन्द्र कुमार, चेतन चौधरी अध्यक्ष पीएलडीपी अजमेर, तहसीलदार शैलेष खेरवा, सामाजिक कार्यकर्ता अजमेर नितिन द्वारा भी रैली प्रतिभागियों का स्वागत किया गया।

Dainik Bhaskar (Kishangarh,Raj.)

# साइकिल रैली का स्वागत किया



**मदनगंज-किशनगढ़** | राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 150 वीं जयंती और सीआरपीएफ के 81 वें स्थापना को लेकर सीआरपीएफ द्वारा निकाली गई साइकिल रैली रविवार को किशनगढ़ पहुंची। यहां पर जवानों का स्वागत किया गया। साईकिल रैली 13 दिनों में गुजरात, राजस्थान, हरियाणा तथा दिल्ली के विभिन्न गांव व शहरों से होते हुए 982 किलोमीटर का सफर तय कर 27 जुलाई को इंडिया गेट, नई दिल्ली पहुंचेगी। रैली का उद्देश्य स्वच्छता, जल संभरण, शांति व सामाजिक सद भावना जैसे मुद्दों के प्रति जागरूकता पैदा करना है। किशनगढ़ रैली पहुंचने पर विधायक सुरेश टांक, सीआरपीएफ के पुलिस उप महानिरीक्षक अनिल डोडीयाल, पुखराज जयपाल, पुलिस उपाधीक्षक गीता चौधरी, आयुक्त विकास कुमावत, थानाधिकारी राजेंद्र खंडेलवाल, तहसीलदार शैलेश खेरवा, चेतन चौधरी, नितिन सहित अन्य लोग मौजूद थे।

Dainik Bhaskar (Beawer,Raj.)

# सीआरपीएफ के जवानों की रैली पहुंची ब्यावर

## 81वें स्थापना दिवस पर निकाली जा रही साइकिल यात्रा, 982 किमी की यात्रा कर 27 को पहुंचेगी दिल्ली

भास्कर न्यूज | ब्यावर

केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की ओर से आयोजित साईकिल रैली जो अहमदाबाद से रवाना हुई थी। वह शनिवार को राजकीय पटेल उच्च माध्यमिक स्कूल पहुंची। सीआरपीएफ के कमाण्डेंट पवन कुमार ने बताया कि यह साईकिल रैली 13 दिनों में गुजरात, राजस्थान, हरियाणा तथा दिल्ली के विभिन्न गांव व शहरों से होते हुए कुल 982 किलोमीटर का सफर तय कर 27 जुलाई को नई दिल्ली स्थित इंडिया गेट पर संपन्न होगी। रैली का नेतृत्व मनोज कुमार उप.कमानडेड 100वीं वाहिनी कर रहे हैं।

रैली राष्ट्रपिता महात्मा गांधीजी की 150 वीं जयंती एवं सीआरपीएफ के 81वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित की जा रही है। जिसका मुख्य उद्देश्य स्वच्छता, जल संभरण, शांति एवं सामाजिक सद्भावना जैसे मुद्दों के प्रति जागरूकता पैदा करना है। जिससे आने वाले समय में यह देश निरंतर प्रगति के मार्ग पर अग्रसर रहे व राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने जिस नव भारतवर्ष की परिकल्पना की थी उसको साकार किया जा सके। रैली में सीआरपीएफ के 20 जवान शामिल हैं। इसमें 5 महिलाएं व 15 पुरूष हैं। इसके अतिरिक्त रैली के साथ 72 जवान भी हैं। रैली के पटेल स्कूल पहुंचने पर 83 बटालियन द्रुत कार्य बल के सहा.कमा.महेश कुमार शर्मा, नगर परिषद आयुक्त राजेन्द्र सिंह चन्द्रावत, सर्किल अधिकारी हीरा लाल सैनी, तहसीलदार दिनेश शर्मा, पटेल स्कूल के संस्था प्रधान राजेश जिन्दल, अग्रवाल फतेहपुरिया पंचायत समिति के उपाध्यक्ष अजय कुमार गोयल, श्री अग्रवाल फतेहपुरिया पंचायत समिति के सचिव श्रवण कुमार बंसल, ग्रीन ब्यावर प्रोजेक्ट के कोषाध्यक्ष डी.के.जैन की ओर से साईकिल रैली प्रतिभागियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया।

### पौधरोपण भी किया

साईकिल रैली के कार्मिकों व सीआरपीएफ बल के अधिकारियों द्वारा ग्रीन ब्यावर के प्रतिनिधियों के साथ राजकीय पटेल उच्च माध्यमिक स्कूल में स्वच्छता अभियान व पौधरोपण भी किया गया।

Dainik Navjyoti (Beawer,Raj.)

# रेपिड एक्सन फोर्स व सीआरपीएफ बटालियन का स्वागत



**ब्यावर (निसं.)।** रेपिड एक्सन फोर्स व सीआरपीएफ की ओर से आयोजित साइकिल रैली गांधी चौक पाली से रवाना होकर शनिवार दोपहर राजकीय पटेल उच्च माध्यमिक स्कुल ब्यावर, राजस्थान पहुंची। यहां रेपिड एक्सन फोर्स 83 बटालियन के सहायक कमाण्डेट महेश कुमार शर्मा, नगर परिषद आयुक्त राजेन्द्र सिंह चान्दावत, पुलिस उपाधीक्षक हीरालाल सैनी, तहसीलदार दिनेश शर्मा, राजकीय पटेल स्कुल के प्राचार्य राजेश जिंन्दल अग्रवाल फतेपुरीया पचांयत समिति उपाध्यक्ष अजय कुमार गोयल, सचिव श्रवण कुमार बंसल, ग्रीन ब्यावर प्रोजेक्ट के कोषाध्यक्ष डीके जैन ने साइकिल रैली प्रतिभागियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। यह साइकिल रैली कुल 13 दिनों में गुजरात, राजस्थान, हरियाणा, तथा दि?ी के विभिन्न गॉवो एवं शहरों से होते हुए कुल 982 किलो मीटर का सफर तय कर 27 जुलाई को इंडिया गेट, नई दि?ी में संम्पन्न होगी। रैली का नेतृत्व सीआरपीएफ 100 वीं वाहिनी के उप कमाण्डेट मनोज कुमार कर रहे हैं। इस रैली को राष्ट्रपिता महात्मा गांधीजी की 150 वीं जयंती एवं सी आर पी एफ के 8वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित की जा रही है। जिसका मुख्य उद्देश्य स्वच्छता, जल संभरण, शांति एवं सामाजिक सद्भावना जैसे मुद्दों के प्रति जागरूकता पैदा करना हैं।

# Daily Thanthi (Tamilnadu)




நாகூர் போலீஸ் நிலையத்துக்கு மத்திய விரைவு அதிரடி படையினர் ஆய்வு செய்ய சென்ற போது எடுத்த படம்.

### நாகைக்கு

## மத்திய விரைவு அதிரடி படையினர் வருகை

### போலீஸ் நிலையங்களில் ஆய்வு செய்தனர்

நாகப்பட்டினம், ஜூலை.21-

நாகைக்கு வந்த மத்திய விரைவு அதிரடி படையினர் போலீஸ் நிலையங்களில் ஆய்வு செய்தனர்.

**மத்திய விரைவு அதிரடி படையினர்**

மதக்கலவரம், சாதி மோதல்கள், இயற்கை சீற்றங்கள் ஏற்படும் இடங்களை பார்வையிட்டு ஆய்வு செய்வதற்காக நேற்று முன்தினம் மத்திய அரசின் ஒரு பிரிவான விரைவு அதிரடி படையின் துணை கமாண்டர் சிங்காரவேல் தலைமையில் 46 பேர் நாகைக்கு வந்தனர். தொடர்ந்து போலீஸ் சூப்பிரண்டு ராஜசேகரனை சந்தித்து மாவட்டத்தில் பார்வையிட வேண்டிய இடங்கள் குறித்து ஆலோசனை மேற்கொண்டனர்.

முதற்கட்டமாக நேற்று நாகை நகர போலீஸ் நிலையம் மற்றும் நாகூர் போலீஸ் நிலையங்களுக்கு சென்று ஆய்வு செய்தனர். அங்கு அசம்பாவித சம்பவங்கள் நடைபெறும் பகுதிகள் குறித்து தகவல்களை சேகரித்தனர்.

இதுகுறித்து விரைவு அதிரடி படையின் அதிகாரிகள் கூறுகையில்:- பதற்றமான பகுதிகளுக்கு சென்று அசம்பாவித சம்பவங்கள் நிகழ்ந்தால் அதை எப்படி தடுப்பது உள்ளிட்ட விவரங்களை சேகரித்து வைத்துக்கொண்டு தேவைப்படும் காலங்களில் அந்த உத்திகளை பயன்படுத்துவோம் என்றனர்.

**போலீஸ் நிலையங்களில் ஆய்வு**

தொடர்ந்து இந்த ஆய்வு நாகை மாவட்டத்தில் கீழ்வேளூர், வேளாங்கண்ணி, மயிலாடுதுறை, வேதாரண்யம், செம்பனார்கோவில், கரியாப்பட்டினம், பொறையாறு, சீர்காழி உள்ளிட்ட 10 இடங்களில் உள்ள போலீஸ் நிலையங்களில் ஆய்வு செய்ய உள்ளனர்.

**வேதாரண்யேஸ்வரர் கோவிலில்**

**துர்க்கை அம்மனுக்கு**

Scanned with

105bn RAF Pln.Conducted Fam-Ex duty at Nagapattinam (Tamilnadu)

## Photos of Deployment/ Fam-Ex Of RAF









**सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।**